AAJ, LUCKNOW
Wednesday, November 17, 2010

टी.सी.एस. आई.टी. बिज-२०१० में एल.पी.एस. ने मारी बाजी

लखनऊ, मंगलवार (आज समाचार सेवा)। संत गाडगे सभागार, संगीत नाटक अकादमी में टीसीएस आईटी बिज २०१० का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ, देहरादून, नैनीताल, कानपुर, इलाहाबाद, फैजाबाद, वाराणसी और गोरखपुर सहित उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की भागीदारी की। छह चरणों में सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर आई के छात्र रोहित कश्यप और स्वप्निल पलास ने बाजी मारी। रोहित व स्वप्निल ने अपने विद्यालय को प्रथम स्थान दिलाया। वही दूसरी तरफ समर वैली स्कूल देहरादून के दिनाकर जुआल और विनायक शर्मा दूसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि निदेशक आईआईएम लखनऊ डा. देवी सिंह और कुलपति उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिक विश्वविद्यालय डा. कृपाशंकर ने विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी और पुरस्कार वितरित किये। छह क्षेत्रीय फाइनलिस्ट को भी टीसीएस द्वारा बैग एमपी ३ प्लेयर, हैण्ड फोन टी शर्ट आदि देकर सम्मानित किया गया।